दैनिक पंचांग

28 अगस्त 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	सिंह में	कन्या	07.10 बजे से
चंद्र	कुंभ में	तुला	09.20 बजे से
मंगल	मिथुन में	वृश्चिक	11.35 ब से
बुध	सिंह में	धनु	13.51 बजे से
गुरु	कर्क में	मकर	15.56 बजे से
शुक्र	कन्या में	कुंभ	17.43 बजे से
शनि	मीन में	मीन	19.16 बजे से
राहु	कुंभ में	मेष	20.46 बजे से
केतु	सिंह में	वृष	22.26 बजे से
राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक		मिथुन	00.24 बजे से
		कर्क	02.38 बजे से
		सिंह	04.54 बजे से

शुक्रवार 2026 वर्ष का 240 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 09.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** शतभिषा 03.13 बजे रात्र को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 07.28 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.49 बजे तदनन्तर बालव 21.57 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 15.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 47' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872815 **जूलियन दिन** 2461280.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 14 **विशेष** वरलक्ष्मी व्रत, रक्षा बंधन, नारली पूर्णिमा, गायत्री जयंती, संस्कृत दिवस।

दिन की चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
चर	05.55 से	07.23 बजे तक	रोग	05.38 से	07.1 बजे तक
लाभ	07.23 से	08.51 बजे तक	काल	07.11 से	08.43 बजे तक
अमृत	08.51 से	10.19 बजे तक	लाभ	08.43 से	10.15 बजे तक
काल	10.19 से	11.47 बजे तक	उद्वेग	10.15 से	11.47 बजे तक
शुभ	11.47 से	01.15 बजे तक	शुभ	11.47 से	01.19 बजे तक
रोग	01.15 से	02.43 बजे तक	अमृत	01.19 से	02.51 बजे तक
उद्वेग	02.43 से	04.10 बजे तक	चर	02.51 से	04.23 बजे तक
चर	04.10 से	05.38 बजे तक	रोग	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

नील ग्रगन के नक्षत्र

2	3	7	0
200	355	223	127
228	490	449	136
589	599	557	550

दिन-568-345

मधुर डे-178-799 मधुर नाइट-

मिलन डे-390-138 मिलन नाइट-

साप्ताहिक
आपका सपना
मूल्य-25/- रूपये मोबा.पर 100/- कॉपी
एजेन्ट बन्धु के लिए 40% कमीशन
कल्याण/ मिलन/ मेन बाजार/
श्रीदेवी बाजार के डेली लाईन के बेजोड
चांस जो किसी भी पेपर मे नहीं मिलेंगे
आज ही अपने निकट के एजेंट से खरीदे
प्रतिदिन के सुपर चांस
कल्याण/ मिलन नाईट/ मेन बाजार
मूल्य-मात्र-351/- प्रत्येक बाजार
सम्पर्क-9898203888
9106170742

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, श्रावण शुक्ल पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय, पूर्व शुक्रोदय, पश्चिमी तिथि, 15, शुक्रवार, शत भिषा नक्षत्रे, आद्र योगे, वल करणे, कुंभ की चंद्रमा, स्नानदान पूर्णिमा, श्रावण उपाक्रर्म रक्षाबंधन अन्नप्राससन्न गृहारंभ तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक, सुन्दर, सुशील, दयालु, सबको लेकर चलने वाला, शिक्षक-शिक्षाविद, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, प्रबंधक, शासक-प्रशासक, उद्योग स्थापित करने वाला, उद्योगपति, कुशल वक्ता-अधितक्ता।

मेष : इस सप्ताह खर्च बढ़ेगा, व्यवसाय कार्य अल्प लाभ होगा, ध्यान दें।

वृष : सज्जनों की संगति से लाभ होगा, कार्य में चतुराई से ही लाभ होगा, ध्यान रखें।

मिथुन :मित्रों के अधिक विश्वास से विश्वासघात हो सकता है, ध्यान रखें।

कर्क : व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलेगा, किसी उत्सव में सममिलत होने का अवसर मिलेगा।

सिंह : धन लाभ होगा, आनंद प्राप्ती के अवसर प्राप्त होंगे, हर्ष तथा यात्रा में सफलता मिले।

कन्या : धन लाभ होगा, स्वास्थ्य सुधार होगा, समस्याओं का समाधान होगा, लाभ होगा।

तुला : अधिकारियों से लाभ मिलेगा, शत्रुदल अकारण दब जायेगा किन्तु लाभ होगा।

वृश्चिक : दाम्पत्य जीवन का मधुर संबंध अवश्य रहेगा, खुश रहेंगे, आनंद प्राप्त होगा।

धनु : विरोधियों से आप सतर्क रहें, मानसिक तनाव बढ़ेगा तथा विरोध होगा, ध्यान दें।

मकर : माता तथा संतान की ओर से विपरीत व्यवहार मिलेगा, शत्रु पक्ष परेशान रहे।

कुम्भ : सामाजिक उत्सव में शामिल होंगे, बुधवार व गुरुवार को कार्यों से लाभ मिलेगा।

मीन : स्थिति में कुछ सुधार होगा, स्वास्थ्य खराब होगा तथा व्यय अधिक होगा, ध्यान रखें।

कितने बजे से पहले राखी बांधे

पूर्णिमा तिथि सुबह 9.38 पर खत्म हो जाएगी। ऐसे में इसके बाद भाद्रपद मास लग जाएगा और इसकी प्रतिपदा तिथि होगी। आपको बता दें कि कल पूर्णिमा तिथि जो आज से लग गई है, 9.38 पर खत्म होगी और उसके बाद भादों की पड़वा होगी। पड़वा तिथि में राखी नहीं बांधते हैं, तो आपके पास ऑप्शन है कि आप सुबह उठकर भाई के जल्दी राखी बांध दें। वहीं कुछ ज्योतिषियों की राय है कि जब उदया तिथि होती है तो उसका मान पूरे दिन होता है, ऐसे में भद्रा ना होने के कारण पूरे दिन भाई को राखी बांधी जा सकती है। इसलिए इन दोनों ही बातों को आप मान सकते हैं। लेकिन आपके पास ऑप्शन है कि अगर आप पूर्णिमा तिथि को राखी बांधने के लिए शुभ मानते हैं तो आप सुबह 9.38 बजे से पहले राखी बांध दें। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त- 6.22 बजे सुबह से सुबह 9.48 बजे तक रहेगा। आपको बता दें कि करीब 27 वर्षों बाद दुर्लभ संयोग बन रहा है, जब भद्रा के साये से मुक्त रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकेगा।

चंद्रग्रहण और रक्षा बंधन पर 70 साल बाद बन रहा संयोग : तिथि 27 अगस्त की सुबह 8.38 बजे प्रारंभ होकर 28 अगस्त की सुबह 9.26 बजे तक रहेगी। हिंदू पंचांग में उदया तिथि की मान्यता होने के कारण रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। पूर्णिमा के साथ लगी भद्रा 27 अगस्त को ही 8.54 बजे समाप्त हो जाएगी। इसलिए रक्षाबंधन के दिन भद्रा का कोई प्रभाव नहीं रहेगा।

गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर गजेंद्र पटेल का भव्य स्वागत

बड़वानी। भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का राष्ट्रीय महामंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन बुधवार रात करीब 9 बजे बड़वानी में हुआ। रेवा सर्कल चौराहा पर मंडल अध्यक्ष शुभम पांडे के नेतृत्व में नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि खुली जीप में स्वागत रैली प्रारंभ हुई। श्री पटेल ने मार्ग में बड़ी संख्या में मौजूद बड़वानीवासियों का अभिवादन स्वीकार किया। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने पुष्पहार, पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

50 से अधिक स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत, देर रात भाजपा कार्यालय पहुंची स्वागत रैली

स्वागत के दौरान बड़ी क्रेन के माध्यम से विशाल फूलों की माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं कई स्थानों पर जेसीबी एवं डंपर में फूल भरकर पुष्पवर्षा की गई। शहर के प्रमुख चौराहों, गली-मोहल्लों में रंग-बिरंगी आतिशबाजी से उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। स्वागत रैली ओलंपिक चौराहा, अंजड़ नाका, कारंजा, मोटीमाता मन्दिर, एमजी रोड़, रणजीत चौक, झंडा चौक एवं राजघाट रोड़ होते हुए देर रात करीब 12 बजे भाजपा कार्यालय पहुंची। यहां जिला अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी एवं जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव सहित पदाधिकारियों ने श्री पटेल का आत्मीय स्वागत किया। मातृशक्ति ने तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

हर बूथ पर कमल खिलाना ही स्वागत की सार्थकता : गजेंद्र पटेल- स्वागत भाषण देते हुए जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है कि बड़वानी का कार्यकर्ता अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। इससे कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ा है, लेकिन संगठन के प्रति जिम्मेदारी भी बढ़ी है। हम सभी को एकजुट होकर भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है।

नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आज जिस मुकाम पर वे पहुंचे हैं। उसमें उनके माता-पिता के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं और बड़वानीवासियों के आशीर्वाद की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा यह मेरा नहीं, बल्कि आप सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान है। मेरा स्वागत तभी सार्थक होगा। जब जिले के प्रत्येक बूथ पर हम कमल खिलाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि वे आज भी अपने आपको आप सभी की तरह एक छोटा सा कार्यकर्ता मानते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी अब और अधिक बढ़ गई है और वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

बड़वानी की पहचान अब राष्ट्रीय स्तर पर होगी : डॉ सुमेरसिंह सोलंकी- प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जो छोटे से क्षेत्र के सामान्य कार्यकर्ता को भी सर्वोच्च पद तक पहुंचाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि बड़वानी जिले से अब संगठन में दो महामंत्री हैं, वे स्वयं प्रदेश महामंत्री हैं और उनके बड़े भाई गजेंद्र सिंह पटेल राष्ट्रीय महामंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि इससे बड़वानी जिले की पहचान अब प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी बनेगी। संगठन ने जिले को उम्मीदारी अब अधिक सम्मान दिया है, इसलिए अब हम सभी का दायित्व भी और अधिक बढ़ गया है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह ने किया तथा आभार जिला महामंत्री सचिन चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंजना पटेल, अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद शिंदे, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, कमलनयन इंग्ले सहित भाजपा के वरिष्ठजन, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

निराश्रित मनोरोगियों संग कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

आशाग्राम ट्रस्ट में रक्षाबंधन पर 2 मनोरोगियों का हुआ पारिवारिक पुनर्वास, हस्तनिर्मित राखियां बनीं आकर्षण का केंद्र

बड़वानी। आशा ग्राम ट्रस्ट द्वारा संचालित आशा आश्रय गृह में निराश्रित मनोरोगियों के लिए रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एवं ट्रस्ट अध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत कर मनोरोगियों का उत्साहवर्धन किया।

बहनों ने मनोरोगी भाईयों को बांधा रक्षासूत्र- कार्यक्रम में महिला जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों ने सहभागिता दर्ज कर संवेदनशीलता का परिचय दिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, राजपुर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शिखा विजय अग्रवाल, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती एडवोकेट अंजना पटेल, समाजसेवी श्रीमती नमी चक्रेश तथा श्रीमती अनीता चोयल ने मनोरोगियों को रक्षासूत्र बांधकर उनका मुंह मीठा कराया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। आश्रय गृह के मनोरोगियों द्वारा स्व-हस्तनिर्मित राखियों का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने राखी काउंटर से मनोरोगियों द्वारा बनाई राखियां खरीदी और प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्रियां व संसाधन भेंट किए।

दो मनोरोगियों का सफल पारिवारिक पुनर्वास- पावन पर्व के अवसर पर दो मनोरोगियों का भावनात्मक पुनर्वास हुआ। भीकनगांव निवासी मनोरोगी अपने भाई के साथ गृह वापस लौटे। बालकुआ निवासी भीमा अपनी बहन के साथ रक्षाबंधन के दिन विदा हुए। आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया ने जानकारी दी कि ट्रस्ट द्वारा विगत 5 वर्षों में 60 मनोरोगियों का सफल पारिवारिक पुनर्वास किया जा चुका है। उन्होंने संस्थान के संस्थापक स्व राजेंद्र सोनी (चौकसी वाला) के मानवीय योगदान का स्मरण करते हुए बताया कि उनके द्वारा स्थापित इस प्रकल्प के माध्यम से मनोरोगियों को पुनर्वास का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक राजन मंडलोई, एएसपी धीरज बब्बर, जिला पंचायत सदस्य करण दरबार, निक्कू चौहान, श्रीमती दुर्गा सोनी, विजय अग्रवाल, सचिन शर्मा, विष्णु, मनीष पुरोहित, डॉ रश्मि पाटीदार, जितेंद्र जैन, नारायण पाटीदार, सुनील पाटीदार, राजेंद्र गुप्ता, ट्रस्टी अशोक दोषी, डॉ भूपेंद्र भार्गव, डॉ सुहास यादव, केएस मकवाना, आश्रय गृह के समाधान पाटील एवं श्रीमती साधना भावसार सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पाटी पुलिस का जनसंवाद

ग्राम लेखड़ा में सुनी आमजनों की समस्याएं, मौके पर ही किया निराकरण

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को प्रतिदिन जनसंवाद कर आमजन की समस्या सुनकर उनका निराकरण करने के लिए बताया जा रहा है। एसपी के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान के तहत 26 अगस्त को थाना पाटी पुलिस टीम द्वारा ग्राम लेखड़ा दुलारा फलिये में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। **जनसंवाद के मुख्य आकर्षण एवं त्वरित कार्रवाई-** जनसंवाद के दौरान ग्राम के सरपंच, ग्रामीण बुजुर्गों, युवाओं एवं महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस टीम के समक्ष रखी। पाटी पुलिस ने शिकायतों को संवेदनशीलता से सुना और अधिकांश मामलों का मौके पर ही तात्कालिक समाधान किया। **पुलिस-जनता संवाद से बढ़ता विश्वास-** कार्यक्रम में ग्रामीणों ने एसपी की इस जनसंवाद पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर पुलिस अधिकारियों के आने से सीधे संवाद का अवसर मिला है, जिससे ग्रामीणों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। जनसंवाद कार्यक्रम में थाना पाटी का पुलिस बल, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्राम लेखड़ा के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

रक्षाबंधन पर सुरक्षा का अनमोल उपहार, कलेक्टर ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों को वितरित किए हेलमेट

बड़वानी। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को समर्पित एक विशेष पहल की गई। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले की राज्य आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की दीदियों को हेलमेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा का अनमोल उपहार सौंपा।

यह कार्यक्रम परिवहन विभाग के विशेष सहयोग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से आयोजित किया गया, जिसमें 15 दीदियों को हेलमेट प्रदान किए गए।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का दिया संदेश- कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा को रेखांकित करते हुए कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उपस्थित सभी महिलाओं एवं नागरिकों को सड़क हादसों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और सुरक्षा के संकल्प का त्योहार है, और जीवन की सुरक्षा से बढ़कर कोई उपहार नहीं हो सकता। कलेक्टर ने सभी से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय या पीछे बैठते समय नियमित रूप से हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। यातायात नियमों का जिम्मेदारी से पालन करें और अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

माय भारत बड़वानी द्वारा खेलो इंडिया संवाद का भव्य आयोजन, युवाओं को मिला खेल और राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शन

बड़वानी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (माय भारत) बड़वानी, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला बड़वानी के तत्वावधान में शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेलो इंडिया संवाद, खेलों की बात, पीएम मोदी के साथ कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ रणजीतसिंह मेवाड़े ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एवं स्वागत- समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती पुजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद माय भारत की जिला युवा अधिकारी श्रीमती दीर्घा राजावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा और प्रस्तावना प्रस्तुत की। आयोजकों व प्राध्यापकों ने सभी मंचासीन अतिथियों का पारंपरिक रूप से आत्मीय स्वागत किया।

प्रमुख अतिथियों की उपस्थिति- कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री व सांसद श्रीमती सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। विशेष अतिथियों में जनजातीय आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य, पूर्व राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ सुमेरसिंह सोलंकी, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत पटेल, कलेक्टर जयति सिंह, अपर कलेक्टर हेमलता, एएसपी धीरज बब्बर, एडीएम रवि वर्मा, सुश्री संतरा निनामा (डीएसओ) तथा तहसीलदार जितेंद्र सोलंकी सहित खेल विभाग के खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि का संबोधन एवं पीएम मोदी का वर्चुअल संदेश- अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि खेल अब केवल मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि कॅरियर का एक उत्कृष्ट विकल्प और अनुशासन सीखने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस सत्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन भी प्रसारित किया गया। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए खेल, फिटनेस और युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत का विजन सांझा किया, जिसने उपस्थित युवाओं में नए उत्साह का संचार किया।

खेल प्रतिभाओं का संवाद एवं सम्मान- द्वितीय सत्र में मंच संचालक नीरज सकतपुरीया ने प्रदेश स्तर की खेल प्रतिभाओं- बैडमिंटन खिलाड़ी हिंद पाटीदार और राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी खेश्वा महनिया को आमंत्रित किया। दोनों स्पोर्ट्स आइकॉन के साथ युवाओं का प्रेरणादायक संवाद आयोजित हुआ। इसके बाद मंचासीन अतिथियों द्वारा दोनों खिलाडिओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

नशामुक्त भारत की शपथ एवं विशेष गतिविधियां- कार्यक्रम के दौरान डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने सभी युवाओं और अतिथियों को श्नशामुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। समापन पर युवाओं ने विकसित भारत यंग लीडर संवाद क्विज में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा क्यूआर कोड स्कैन करके विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने नवाचारी विचार व सुझाव सबमिट किए। कार्यक्रम का समापन औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।